# विध्यालय प्रबंध समिति का एजेंडा एवं बैठक कार्यवृत्त माह - जुलाई 2024 , सत्र -2024 -25

विध्यालय का नाम ____________ न्याय पंचायत ____________ विकासखंड ____________ जनपद - ____________

<table>
<tr>
<td>
बैठक का विषय -<br>
एस.एम.सी. मासिक बैठक एजेंडा S.M.C. बैठक एजेंडा<br>
एजेंडा की तिथि -<br>
01/07/2024 सोमवार
<hr>
प्रस्ताव /कार्ययोजना<br>
सेवा में<br>
विध्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष,उपाध्यक्ष ,सदस्यगण .ग्राम प्रधान एवं अभिभावकगण आप सभी को सादर अवगत कराना है कि दिनांक-03/07/2024<br>
दिन – बुधवार को समय 12:30 से 1:30 बजे तक विद्यालय प्रबंध समिति की मासिक बैठक का आयोजन विध्यालय परिसर में किया जायेगा | अतः आप सभी लोगों की उपस्थिति प्रार्थनीय है ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें<br>
धन्यवाद<br>
सूचना का माध्यम<br>
मोबाइल फोन द्वारा ,बच्चों द्वारा ,रसोइया द्वारा ,स्वयं के सम्पर्क द्वारा
</td>
<td>
बैठक कार्यवृत्त -<br>
महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश के क्रम में आज दिनांक - 03/07/2024 दिन - बुधवार को विध्यालय परिसर में विध्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री/श्रीमती ____________ की अध्यक्षता में विध्यालय प्रबंध समिति की बैठक आहूत की गयी|नियम के अनुसार बैठक का कोरम पूरा है | आज की बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा की गई और एजेंडा पढ़कर सुनाया गया एवं विद्यालय में निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी |<br>
1 - डायरिया नियंत्रण अभियान पर चर्चा - दिनांक 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक डायरिया नियंत्रण अभियान चलेगा अभियान की अवधि में विद्यालय में अग्र लिखित गतिविधियां आयोजित की जानी है<br>
1 शौचालय साफ सुथरा रखें, शौचालय की आदत डालें खुले में शौच न जाए<br>
2 - बच्चों को भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने को प्रेरित करें<br>
3 - व्यक्तिगत साफ सफाई एवं महत्व के बारे में बताया जाए<br>
4 - आशा ए.एन.एम. के सहयोग से बच्चों को ओआरएस का घोल बनाना सिखाएं तथा उसके प्रयोग की विधि बताएं<br>
5 – डायरिया के विषय में बच्चों से चर्चा करें<br>
6 - उल्टी और दस्त होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र को सूचित करें<br>
2 -जल शक्ति अभियान पर चर्चा -स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 7 जून 2024 से विद्यालयों में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत Catch The Run मुहिम 2024 को जन आंदोलन के रूप में आयोजित किए जाने का आहवान किया गया है ,मानव जीवन के लिए भू-जल अत्यंत महत्वपूर्ण है परंतु भूजल के अत्यंत दोहन के कारण भूजल जल का स्तर निरंतर घटता जा रहा है अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि बारिस के पानी का संरक्षण किया जाए | जनमानस के मध्य जागरूकता अभियान के रूप में प्रचारित किया जाए इस पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई |<br>
3 -जर्जर विद्यालय भवन पर चर्चा -बरसात का मौसम है यदि विद्यालय का कोई कक्षा कक्ष जर्जर है या उसकी छत से पानी टपक रहा है ,इसकी लिखित सूचना विभाग को दी जाए तथा उस जर्जर कमरे में बच्चों को न बैठाया जाए | छतों की साफ सफाई भी रखी जाये तथा छतों के बरसाती पानी के निकास की सुबिधा की जाये | इस पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई |<br>
4 - वृक्षारोपण पर चर्चा - बरसात का समय है यह पौधों को लगाने का सबसे सही समय होता है | आज की बैठक में सभी अभिभावकों को जागरूक किया गया और बताया गया कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण का इस बार बहुत ज्यादा प्रभाव रहा | और तापमान भी बहुत ज्यादा रहा जिससे हीट स्ट्रोक के कारण बहुत से लोग बीमार हुए और मर गए | यदि इसी तरह से तापमान बढ़ता रहा तो आने वाले समय में भयावह स्थिति होगी | तापमान को नियंत्रित करने के लिए पर्यावरण प्रदूषण को बचाने के लिए वृक्षों को अधिक से अधिक लगाने पर जोर दिया गया और आज की बैठक में बताया गया कम से कम एक व्यक्ति दो पौधों को अवश्य लगाये और लगाने के बाद उसकी देखभाल भी करे |
</td>
<td>
बैठक में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर
</td>
</tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| बैठक के प्रमुख निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर आवश्यक चर्चा होनी है<br>1 - डायरिया नियंत्रण अभियान पर चर्चा<br><br>2 -जल शक्ति अभियान पर चर्चा<br><br>2 -जल शक्ति अभियान पर चर्चा<br><br>4 - वृक्षारोपण पर चर्चा<br><br>5 - नवीन नामांकन पर चर्चा<br><br>6- डीबीटी- डीबीटी –<br>7 -परिवार सर्वेक्षण पर चर्चा | **5 - नवीन नामांकन पर चर्चा** - वर्तमान सत्र 2024-25 1 अप्रैल से प्रवेश प्रारंभ हो चुका है विद्यालय में उन बच्चों का नामांकन होगा जो बच्चे 1 अप्रैल 2024 को 6 वर्ष पूरी करेंगे । यदि बच्चा 6 साल से कम है तो उसे बालवाटिका में भेजा जायेगा । अधिक से अधिक नामांकन हो कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली निकाल कर बच्चों को स्कूल मे नामांकन कराएँ इस पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई<br>**6- डीबीटी- डीबीटी** - सत्र 2024-25 के लिए यूनिफार्म ,स्वेटर ,स्कूल बैग ,जूता मोजा व स्टेशनरी के लिए दी जाने वाली DBT की तैयारी भी विभाग ने समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं ।महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशानुसार यदि माता पिता में से कोई जीवित न हो तो किसी रिश्तेदार का आधार प्रमाणित किया जाये पोर्टल पर अपलोड डाटा को BEO सत्यापित करेंगे । अभिभावको के आधार से जुड़े बैंक खाते और मोबाइल न० की भी जाँच करने के निर्देश दिए गये हैं जिन बच्चों के आधार नहीं बने हैं उनके माता पिता से आधार बनवाने को कहा गया है । डीबीटी के तहत सभी अभिभावकों के खातों में 1200 रु० की धनराशि अति शीघ्र शासन के द्वारा खातों में भेजी जानी है जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं प्राथमिकता के आधार पर उनके आधार कार्ड बनवा ले ताकि उनको भी डीबीटी का लाभ मिल सके ।<br>**7 -परिवार सर्वेक्षण पर चर्चा** - शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2024- 25 में 6 से 14 वर्ष के आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हाकन एवं आयु संगत कक्षा में नामांकन हेतु परिवार सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर परिवार सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित किया जाना है प्रथम चरण में परिवार सर्वेक्षण दिनांक 17 जून 2024 से 16 जुलाई 2024 तक की अवधि में किया जाना है । द्वितीय चरण में सर्वे दिनांक 1 अगस्त 2024 से 31 अगस्त 2024 की अवधि में संपन्न किया जाना है परिवार सर्वेक्षण के प्रपत्र विद्यालय में सुरक्षित रखे जाने हैं प्रथम चरण के परिवार सर्वेक्षण प्रपत्रों के विवरण को दिनांक 31 जुलाई 2024 तक तथा दूसरे चरण के प्रपत्रों को विवरण दिनांक 15/ 9/2024 तक प्रेरणा पोर्टल के परिवार सर्वेक्षण डीसीएफ पर प्रधानाध्यापक के द्वारा अपलोड किया जाएगा । विद्यालय स्तर से जो भी कार्मिक परिवार सर्वेक्षण हेतु आप सभी लोगों के घर जाएं तो कृपया उनका सहयोग करते हुए सही जानकारी देकर परिवार सर्वेक्षण अभियान को सफल बनाएं ।<br>**अन्य विन्दुओं पर चर्चा -,समर्थ योजना , बच्चो की उपस्थिति एवं ठहराव पर चर्चा, नामांकन व मिडेमील में मेनू के अनुसार भोजन की समीक्षा आदि पर चर्चा की गयी ।इसके साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ आज की बैठक में उपस्थित हुए सभी बच्चों के माता/पिता/ अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित कर माह की अगली बैठक हेतु पुनः बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह कर आज की बैठक कार्यवाही का समापन किया गया ।**<br>**धन्यवाद !**<br><br>RAJKUMAR PS –MAHIPALPUR ,SAHAR ,AURAIYA - 9760712529 | |